

# सिलावद-होलगांव रोड की गोई नदी पर बनेगा पुल

- पुल की लागत 10 करोड़ से ज्यादा
- 18 करोड़ के विकास का श्रीगणेश



**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार जिले प्रवास के दौरान ग्राम सिलावद में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 18 करोड़ रूपए लागत की विभिन्न सड़क और सेतु परियोजनाओं का भूमिपूजन किया।

क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिलावद-होलगांव मार्ग पर गोई नदी पर 1039.88 लाख (10.39 करोड़) की लागत से 195 मी लंबे पुल का निर्माण कार्य जाएगा। इस पुल निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों की राह आसान होगी और मानसून के दौरान होने वाली आवागमन की समस्या का स्थाई निराकरण होगा। पुल निर्माण कार्य के साथ दो अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का भी भूमिपुजन किया गया। जिसमें 510.56 लाख (5.10 करोड़) की लागत से 4 किमी लंबे दोड़वाड़ा से मालकतार मार्ग का निर्माण एवं 253.38 लाख (2.53 करोड़) की लागत से 1 किमी लंबे सेंधवा-वरला रोड़ ब्रिज सर्विस रोड़ निर्माण कार्य सम्मिलित हैं। दोड़वाड़ा से मालकतार मार्ग महाराष्ट्र राज्य की सीमा से जुड़ता है, जिससे 20 हजार लोगों आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं सेंधवा-वरला रोड़ ब्रिज सर्विस रोड़ सेंधवा शहर एवं आसपास के 5000 लोगों को सीधे आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी।

सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। लोक निर्माण मंत्री के हाथों जिन कार्यों का भूमिपुजन हो रहा है, वे मांगे पिछले 30 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पूरी हुई हैं। उन्होंने बताया कि गोई नदी पर बनने वाले इस पुल से ग्रामों के 25000 आदिवासी भाई-बहनों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार की राह सुगम होगी।

राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि वर्तमान सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब सीधे धरातल पर आदिवासियों के द्वार तक पहुंच रही हैं, जो वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से आदिवासी भाई-बहनों के जीवन स्तर में सुधर रहा है। पीएम आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज विकास सीधे जनता के द्वार तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र में सड़क बनती है, तो समृद्धि घर आती है। हमारी सरकार गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, जिपं अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, विधायक श्याम बरडे व अन्य मौजूद थे।

### मंत्री ने कहा

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोकपथ मोबाईल एप 2.0 से आम नागरिकों को सीधे विभाग से जोड़ा गया। एप के जरिए न केवल चार दिनों में सड़क मरम्मत सुनिश्चित की जा रही है। बल्कि यात्रा मार्ग के दौरान ब्लैक स्पॉट के आने से आधा किमी पूर्व ही यात्रियों को सावधानी का नोटिफिकेशन एवं टोल नाको की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही विभाग द्वारा लोक कल्याण सरोवर योजना के तहत सड़क निर्माण के दौरान मिट्टी के लिए खोदे गए गड्ढों को वैज्ञानिक रूप से विकसित कर बिना अतिरिक्त खर्च के जल संचयन संरचनाओं (सरोवरों) में परिवर्तित किया जा रहा है जो भूजल स्तर बढ़ाने व वृक्षारोपण में सहायक हैं। साथ ही प्रतिष्ठित संस्थानों के समन्वय से अब सड़क निर्माण के साथ-साथ रिचार्ज बोर भी बनाए जाएंगे, जिससे भू-जल स्तर को बढ़ावा मिलेगा।

# घर-घर गायत्री यज्ञ का आयोजन होगा 1 को

**बड़वानी, ( नवभारत )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में विश्व शांति, पर्यावरण सुधार और मानव कल्याण की भावना से 1 मई बुद्ध पूर्णिमा को देश-विदेश में एक साथ विशाल गायत्री यज्ञ एवं उपासना अभियान आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान में भारत सहित 98 देशों के करीब 25 लाख से अधिक घरों में यज्ञ होंगे, सामूहिक उपासना का व्यापक सकारात्मक प्रभाव विश्व शांति और पर्यावरण संतुलन पर पड़ेगा।

शांतिकुंज हरिद्वार की माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अभियान को विशेष रूप से चलाया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे घरों में हवन सामग्री या उपलब्ध साधनों घी, गुड़, तिल आदि से सरल विधि से यज्ञ करें। इस सामूहिक प्रयास से समाज में सुख-शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना के साथ वैश्विक संकटों से मुक्ति की प्रार्थना की जाएगी।

### 31 हजार घरों में यज्ञ कराने की योजना तैयार

जिला समन्वयक लखन विश्कर्मा ने बताया कि खंडवा उपजोन में 500 से अधिक गायत्री परिवार की शाखाओं को प्रमुख केंद्र बनाते हुए प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के सहयोग से करीब 31000 घरों में यज्ञ कराने की योजना तैयार की है। जिले की 9 तहसीलों में करीब 6000 घरों में यज्ञ होंगे, तहसील प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी और यज्ञ सामग्री के किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## एक नजर में

### थाना क्षेत्र में कंटेनर-बाइक की भिड़ंत, एक गंभीर, प्राथमिक उपचार के बाद किया रैफर



**पानसेमल।** थाना क्षेत्र के मोयदा में सड़क हादसे के दौरान निवासी चाटली जीवन रमेश 36 वर्ष गंभीर घायल हुआ है। जिसका प्राथमिक उपचार कर रैफर किया है। सीएचसी पानसेमल पर पदस्थ डॉक्टर लालू झीलें ने जानकारी दी कि सड़क हादसे में घायल रमेश को पैर, कान और सिर में चोट आई थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर रैफर किया है। वहीं कंटेनर को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। कंटेनर सूरत की ओर जा रहा था, तब यह घटना मौयदा के निकट होने की जानकारी दी गई है। वहीं पुलिस जांच के बाद घटना की पूरी जानकारी स्पष्ट हो पाएगी।

### एम3एम फाउंडेशन का डांस फॉर डिग्निटी- सीजन 4

इंदौर. राजधानी दिल्ली में एम3एम फाउंडेशन, आरडीएक्स डांस चैंपियनशिप के साथ मिलकर डांस फॉर डिग्निटी- सीजन 4 प्रस्तुत करेगा. यह भव्य दो दिवसीय राष्ट्रीय डांस चैंपियनशिप 25 और 26 अप्रैल को ओ.पी. जिंदल ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी. इस सीजन को देशभर से 500+ नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 100+ प्रतिभाशाली नर्तकों को लाइव प्रस्तुति के लिए चुना गया है. विभिन्न क्षेत्रों और पृष्ठभूमियों का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रतिभागी अनेक डांस शैलियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक और रचनात्मक विविधता को दर्शाता है. डॉ. पायल कनोड़िया, चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी, एम3एम फाउंडेशन ने कहा डांस फॉर डिग्निटी केवल एक प्रतियोगिता नहीं है- यह साहस, रचनात्मकता और अवसर का उत्सव है. स्ङ्गरूफाउंडेशन में हमारा विश्वास है कि प्रतिभा को पृष्ठभूमि से परे पहचान मिलनी चाहिए.

### अमेजन इंडिया लेकर आ रहा है खेत से ताजे आम

इंदौर. गर्मियों की सबसे जीवंत यादें अक्सर आमों से जुड़ी होती हैं- उनकी खुशबू, उन्हें खाने की परंपरा, और सीजन का पहला स्वाद. अमेजन.इन पर, हम इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास करते हैं. हर गर्मी में, हम भारत की बेहतरीन आम की किस्में- अल्फांसो, रसपुरी, सिंधुरी, सफेदा, केसर और अन्य- सीधे खेतों से ताज़ा लाकर आपके दरवाज़े तक पहुंचाते हैं. और यह केवल ताज़े फलों तक सीमित नहीं है. आम की आइस्क्रीम से लेकर आमरस, अचार और पेय पदार्थों तक, हम इस मौसम का पूरा स्वाद एक ही जगह पर उपलब्ध कराते हैं. अमेज़न नाउ पर 'आम-एज़िंग' स्टोरफ्रंट अब इस मौसम के पूरे स्वाद को एक साथ लाता है — खेत से ताज़े आमों के साथ कुल्फी, श्रीखंड, आमरस, पेय, अचार, मिठाइयाँ और बहुत कुछ, वह भी 70% तक की छूट पर. अमेज़न फ्रेश पर, द किंग ऑफ फ्रूट्स इज़ हियर एक विशेष रूप से तैयार किया गया स्टोरफ्रंट ताज़े आम, डेज़र्ट, योगर्ट, रेडी-टू-ईट आम की किस्में और बहुत कुछ एक साथ लाता है.

### येज्दी और बीएसए ने दो नई मोटरसाइकिलें लॉन्च कीं

इंदौर. पहली बार एक साथ आए येज़्दी और बीएसए, भारत के नए दौर के राइडर के लिए दो दमदार स्क्रैम्बलर लेकर आए हैं. अपनी मूल स्क्रैम्बलर पहचान को बरकरार रखते हुए दोनों ब्रांड प्रीमियम बाइकिंग सेगमेंट के दोनों सिरों को कवर कर रहे हैं. येज़्दी स्क्रैम्बलर 350 और बीएसए स्क्रैम्बलर 650 में दमदार इंजन के साथ रफ-एंड-रियल डिज़ाइन का खास तड़का है. अनुपम थरेजा, सह-संस्थापक, क्लासिक लीजेंड्स ने कहा मेरा मानना है कि स्क्रैम्बलर भारतीय बाइकिंग को वैसे ही बदल देंगे जैसे एसयूवी ने कारों की दुनिया बदल दी. स्क्रैम्बलर यानी मोटरसाइकिल्स की एसयूवी. ये शहर में कॉन्फिडेंट राइड देते हैं और इतने रग्ड हैं कि वीकेंड पर आपको ऑफ-रोड जाने का हौसला भी देते हैं. अब इसमें येज़्दी और बीएसए का स्टाइलिश और बोल्ड डिज़ाइन जोड़ दीजिए, तो हम उसी कैटेगरी में धमाका करने के लिए तैयार हैं जिसे हमने शुरू किया था.

### एमेजॉन ने ट्रस्टवर्दी शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट जारी की

इंदौर. आज एमेज़ॉन ने अपनी पहली ट्रस्टवर्दी शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि एमेज़ॉन अपने ग्लोबल स्टोर में किस प्रकार ग्राहकों, सैलिंग पार्टनर्स और ब्रांड्स को सुरक्षा प्रदान करता है. इस रिपोर्ट में पहली बार जालसाजी के खिलाफ, प्रोडक्ट की सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम, विश्वसनीय रिव्यू सुनिश्चित करने और संगठित रिटेल अपराध को रोकने के लिए एमेज़ॉन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा दिया गया है. इस रिपोर्ट से एमेज़ॉन के सिस्टम, टेक्नोलॉजी, साझेदारियों और अपने स्टोर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मिलती है. रोहन ऊमैन, वाईस प्रेसिडेंट, वर्ल्डवाईड कस्टमर एवं पार्टनर ट्रस्ट ने कहा हमारा उद्देश्य ग्राहकों, ब्रांड्स और सैलर्स के लिए अपने स्टोर को सुरक्षित बनाना है. हम यह भी जानते हैं कि ग्राहकों की सुरक्षा के लिए बनाई गई नीतियाँ कभी-कभी उन सैलर्स के लिए बाधक हो जाती हैं, जो अपना व्यवसाय बढ़ाना चाहते हैं. हमारा मिशन है कि एमेज़ॉन पर केवल वैध सैलिंग पार्टनर आगे बढ़ें. इस रिपोर्ट से हमारी यह प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है.

### सर्जनों को एडवान्स लैप्रोस्कोपी ट्रेनिंग दी

इंदौर. एडवान्स लैप्रोस्कोपिक और स्त्री-रोग कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी डॉक्टर दीपक लिंबाचिया ने देशभर से आए 15 सर्जनों के लिए दो दिवसीय एडवान्स लैप्रोस्कोपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया.

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर किया कार्यक्रम



**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रति वर्ष 24 अप्रैल को देशभर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होने की स्मृति में मनाया जाता है। जिसने ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी क्रम में जिले के आकांक्षी ब्लॉक पाटी की ग्रापं बुदि में पिरामल फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय जनसमुदाय एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया तथा पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत उन्नति सूचकांक, ग्राम पंचायत बैठकों के समय पर आयोजन एवं पूर्व सूचना सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए महिला नेतृत्व विकास और पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सामुदायिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के महत्व को भी रेखांकित किया।

कार्यक्रम में बंदारू वेकंटा सुभ रेड्डी ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। साथ ही सामुदायिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान हितेश पांडेय, नरेंद्र पाटीदार, प्रियदर्शन वर्मा एवं अशराय पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समुदाय के सदस्यों द्वारा ग्राम विकास एवं स्वस्थ समाज निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# जिला फील्ड ट्रेनर ने दिलाई शपथ

- दस्तावेज, बैंक पासबुक, आधार या ओटीपी नहीं देने की दी जानकारी




**पानसेमल, ( नवभारत )।** कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में जिले में अलग-अलग स्थानों पर जनगणना के लिए प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के बाद ब्लॉक सहित अन्य स्थानों पर डिजिटल जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा जनगणना कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए अंतिम अतिरिक्त बेच का प्रशिक्षण श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में शनिवार सम्पन्न हुआ।

### जिला फील्ड ट्रैनर ने दी जानकारी

जिला फील्ड ट्रेनर श्याम वास्कले ने बताया कि यह जनगणना विश्व की प्रथम जनगणना है, जो एचएलओ ट्रेनिंग एप से डिजिटल तरीके से संपन्न की जा रही है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचिकरण, स्वगणना की जाना है। द्वितीय चरण में परिवार के सदस्यों की जानकारी लेकर जनगणना शुरू की जाएगी। श्याम वास्कले ने निष्ठा के साथ जनगणना करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी भी तरह के दस्तावेज या ओटीपी देने की आवश्यकता नहीं है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान एसडीएम रमेश सिसोदिया, तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी सुनील सिसोदिया, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी राजाराम रानाडे, कमल भारती, जनगणना लिपिक महेश बघेल सहित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेटलावद में दिनदहाड़े लूट, भाजपा नेता की पत्नी से झपटी सोने की चेन, सीसीटीवी में कैद बाइक सवार बदमाश

**पेटलावद। नगर की शांत कही जाने वाली महावीर कॉलोनी शनिवार शाम उस वक्त दहशत में आ गई, जब दो बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक और महावीर समिति के अध्यक्ष संजय (गुड्डू) भंडारी की पत्नी निशा भंडारी अपनी पोती को कोचिंग छो?कर घर लौट रही थीं, तभी घात लगाए बैठे लुटेरों ने उनके गले से करीब 20 ग्राम वजनी सोने की चेन झपट ली। छीनी गई चेन की कीमत लगभग 3 लाख रुपए बताई जा रही है।**



वारदात का तरीका देखकर स्पष्ट है कि आरोपियों ने पूरी रेकी की थी। सीसीटीवी फुटेज में पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्ध बदमाश वारदात से पहले क्षेत्र में चक्कर लगाते हुए कैद हुए हैं। घटना शाम करीब 4:15 बजे की है, जिसके तुरंत बाद आरोपी माधव कॉलोनी की गली से होते हुए श्रद्धांजलि चौक और फिर बामनिया की ओर तेजी से फरार हो गए। सूचना मिलते ही टीआई निर्भयसिंह भूरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर पूरे रास्ते के सीसीटीवी कैमरों की जांच की है, जिसमें बदमाशों का हुलिया नजर आ रहा है।

पेटलावद नगर में पिछले दस दिनों के भीतर यह चौथी बड़ी वारदात है, जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल ख? कर दिए हैं। इससे पहले भी इसी गली में एक व्यक्ति से मोबाइल और क?ा लूटने की घटना हो चुकी है। वहीं, थांदला रोड पर पंकज ट्रेडर्स के यहां सेंधमारी और एक कियोस्क सेंटर से 10 हजार रुपए की चोरी की घटनाएं भी सामने आई थीं। हालांकि पिछली वारदातें रात के अंधेरे में हुई थीं, लेकिन शनिवार की इस घटना ने दिनदहाड़े हुई लूट से नागरिकों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लगातार ब?ते अपराधों ने पुलिस प्रशासन के सामने क?ी चुनौती पेश कर दी है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और गश्त ब?ाने की मांग की है।

# एयू बैंक ने विवेक त्रिपाठी को पूर्णकालिक निदेशक किया नियुक्त

मुंबई. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और पिछले एक दशक में यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) से इन-प्रिंसिपल स्वीकृति प्राप्त करने वाला पहला संगठन, ने आज घोषणा की कि आरबीआई ने विवेक त्रिपाठी की तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के पूर्णकालिक निदेशक (कार्यकारी निदेशक) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है. संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा विवेक पिछले एक दशक से एयू की नेतृत्व यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और उन्होंने व्यवसाय, क्रेडिट तथा संस्थागत गवर्नेंस के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. जोखिम समझ, पोर्टफोलियो प्रबंधन और निष्पादन अनुशासन की उनकी गहरी समझ ने एयू की बैलेंस शीट की मजबूती को और सुदृढ़ किया है. उनकी नियुक्ति हमारी सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना को दर्शाती है, क्योंकि हम बैंक को अगले विकास चरण के लिए तैयार कर रहे हैं.

### सैमसंग ने द डेविल वियर्स प्राडा के साथ सहयोग की घोषणा की

इंदौर. आज सैमसंग ने 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज की फिल्म द डेविल वियर्स प्राडा 2 की थिएटर में आगामी रिलीज का जश्न मनाने के लिए एक वैश्विक सहयोग की शुरुआत की है, जिसमें एक विशेष विज्ञापन दिखाया गया है. इस विज्ञापन में हेलेन जे. शेन अपने जिन के किरदार में नजर आ रही हैं, जो नए गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पर गूगल के साथ सर्कल टू सर्च फीचर का उपयोग करके मिरांडा प्रेस्टली की आखिरी समय की एक मांग को बड़ी ही कुशलता से पूरा करती हैं. इस वैश्विक साझेदारी के तहत, द डेविल वियर्स प्राडा 2 के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर गैलेक्सी एल26 अल्ट्रा का जलवा देखने को मिला.

## एक नजर में

9 करोड़ के इंजेक्शन के लिए महाभियान जारी, लोगों ने दिल खोलकर दिया दान

# मासूम अनिका की सांसों के लिए उमड़ा पेटलावद, एक ही दिन में जुटाए 4 लाख

**पेटलावद। इंदौर की तीन वर्षीय मासूम अनिका शर्मा की जिंदगी बचाने के लिए पेटलावद ने संवेदनशीलता की एक मिसाल पेश की है। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी जैसी दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रही अनीका के इलाज के लिए पूरा नगर एक साथ खड़ा हो गया। मातृ शक्ति की जिला संयोजिका संगीता त्रिवेदी के नेतृत्व में पिछले 15 दिनों से चल रही इस मुहिम ने उस समय बड़ा रूप ले लिया जब मासूम अनीका स्वयं अपने माता-पिता के साथ पेटलावद पहुँची। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में खिलौने होने चाहिए, उस उम्र में अनीका को दर्द से लड़ते देख हर आँख नम हो गई। इस गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अमेरिका से आने वाले ?9 करोड़ के विशेष इंजेक्शन की दरकार है, जो इस नन्ही जान को नई जिंदगी दे सकता है।**



नगरवासियों, सामाजिक संगठनों और युवाओं की तन्मयता का ही परिणाम रहा कि मात्र एक दिन के भीतर करीब 4 लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्रित कर ली गई। इस पुनीत कार्य में समरसता समिति, इनर व्हील क्लब, केट व्यापारी संघ, बसोड समाज, लायंस क्लब ग्रेटर, सेवा भारती और रोटरी क्लब सहित कई संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रायपुरिया के पाटीदार समाज ने भी अपनी एकजुटता दिखाते हुए बड़ी राशि का योगदान दिया। व्यक्तिगत स्तर पर भी नगर के गणमान्य नागरिकों ने खुले दिल से दान दिया, जिसमें शिव राठौड़, नरेंद्र मुणत, पंकज पटवा और राजू कुमरावत जैसे नाम प्रमुख रहे।

### माता-पिता को सौंपी जुटाई राशि...

अब तक इस महाभियान के जरिए कुल 6.5 करोड़ की राशि जुटाई जा चुकी है, लेकिन लक्ष्य अभी भी दूर है। गुरुवार की रात भावुक कर देने वाले एक कार्यक्रम में सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एकत्रित की गई राशि अनीका के माता-पिता को सौंपी। माता-पिता की आँखों में अपनी बेटी को बचाने की उम्मीद और समाज के प्रति कृतज्ञता साफ झलक रही थी। पेटलावद के इस सामूहिक प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि मानवता आज भी जीवित है और यदि समाज ठान ले, तो संसाधनों का बड़ा से बड़ा पहाड़ भी छोटा पड़ जाता है। अब उम्मीद की जा रही है कि शेष राशि भी जल्द ही एकत्रित हो जाएगी और अनीका को समय पर इलाज मिल सकेगा।

# हज यात्रा पर जा रहे योगा प्रशिक्षक को बिदाई

इंदौर. शहर की प्रतिष्ठित संस्था मॉडर्न योगा क्लब ने बिजलपुर स्थित योगा केंद्र के मुख्य योगा प्रशिक्षक जैनब मुर्तुजा सलीम को इस वर्ष हज यात्रा पर जाने पर बिदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी. क्लब के योगगुरु डॉ. शिवप्रकाश सिंह बघेल की अध्यक्षता में प्रोग्राम आयोजित हुआ. बिजलपुर योगा केंद्र संचालक असगर फिदवी, एवं मंसूर भाई कोलेज वाला ने बताया कि बिदाई समारोह में माडर्न योगा क्लब के पदाधिकारियों सचिव जसबीर सिंह होरा, हरबेल सिंह चड्ढा, डॉ रशीदा मलिक सहित बड़ी संख्या में योग साधक साधिकाओं ने योग प्रशिक्षक सलीम दंपति को इस वर्ष हज यात्रा पर जाने की बधाई देते हुए फूलों के हार व बुकें भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत कर स्वस्थ, सुखद यात्रा की कामना कर भावभीनी बिदाई दी. इस अवसर पर सलीम दंपति ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हज यात्रा के दौरान देश के विकास जनकल्याण व सभी के लिए प्रार्थना करेंगे. कार्यक्रम का संचालन क्लब के असगर फिदवी ने किया. अंत में क्लब के हुजैफा मंडलेश्वर वाला ने अतिथि स्वगत किया. मुनीरा कॉलेज वाला ने आभार माना.